NT>

Title: Need to declare Sirmor area of Himachal Pradesh as Scheduled Tribe area.

श्री के.डी.सुल्तानपुरी (शिमला): हिमाचल प्रदेश में जिला सिरमौर में ट्रांसगिरि का क्षेत्र व राजगढ़ रेणुका एवम् सिलाई के अलावा जौनसार जो उत्तर प्रदेश का प र्वतीय क्षेत्र है, वह भी सिरमौर रियासत का भाग था, परन्तु वह उत्तर प्रदेश में शामिल हो गया और बाकी रियासत सिरमौर में रह गई। यहां का जो जनजाति क्षेत्र है, वह अभी तक जनजाति क्षेत्र घोषित नहीं हुआ है, जबकि उत्तर प्रदेश में शामिल भाग जनजाति क्षेत्र घोषित हो चुका है। जिला सिरमौर को इन जनजातियों को घोषित करने की जो मांग रही है और इस सम्बन्ध में हिमाचल विधानसभा ने भी प्रस्ताव पारित करके भारत सरकार को इस जनजाति क्षेत्र को जनजाति क्षेत्र घोषित करने हेतु अनुशंसा की है। परन्तु भारत सरकार ने इस उचित मांग को अभी तक नहीं माना है। हालांकि इनके सारे रस्मों-रिवाज और रिश्तेदारी साथ लगते क्षेत्र जौनसार के समान है। अतः भारत सरकार से मांग करता हूं कि इनकी बहुत देर से चली आ रही इस मांग को अविलम्ब पूरा किया जाए और इनके आक्रोश को जो अभी तक प्रदर्शन के रूप में प्रदर्शित करते रहे हैं, उसमें भी बढ़ावा न हो और उनके उग्र आक्रोश को भी शांत किया जा सके। मैं उम्मीद करता हूं कि भारत सरकार इनकी मांगों को शीघ्र पूरा करेगी।